**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के हेंदीया कला गांव में शनिवार की रात लगभग 9 बजे बाप-बेटे पंकज विरहोर और महेन्द्र विरहोर उर्फ दीपन विरहोर की हत्या के मामले में आक्रमण जी उर्फ रविन्द्र गंझू, शशिकान्त उर्फ आरिफ जी, कुणाल जी उर्फ पत्थर उर्फ कुलदीप गंझू, मुकदेव यादव, हरेन्द्र जी, इरफान जी, सहेन्द्र जी, चनेशर जी, ईश्वरी जी सहित 25-30 अज्ञात टीएसपीसी उग्रवादियों के खिलाफ हत्या और उग्रवादी गतिविधियों का मामला कुंदा थाना में दर्ज किया गया है। मामला पंकज विरहोर के भाई विधायक विरहोर के दिए गए आवेदन पर दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया कि अभियान तेज कर दिया गया है।

# सीओ द्वारा नोटिस देने के बावजूद भी लोगों पर कोई असर नहीं

### लोग आज भी पानी बहा रहे हैं सड़क पर, आवागमन में हो रही असुविधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित देवगढ़ मुहल्ला, बड़ा अखाड़ा, बाजार रोड में सड़कों पर घरों का गंदा पानी का बहाव किया जा रहा है। इनलोगों को किसी का डर नही है। साथ ही मरकच्चो के कई गलियों में लोगों द्वारा अतिक्रमण भी किया जा रहा है। मरकच्चो मध्य पंचायत के देवगढ़ मोहल्ला वाले लोगों को पानी बहाव बंद करने के लिए अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर प्रसाद कुशवाहा के द्वारा नोटिस दिया गया, मगर उस नोटिस का कोई भी असर इन लोगों पर नहीं पड़ा। लोग जैसे पहले पानी बहा रहे थे, वैसे ही आज भी बहा रहे हैं।



अतिक्रमण के कारण गांव की गलियां दिन-प्रतिदिन सिमटता जा रहा है, जिससे आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। वहीं सड़क किनारे लोगों ने सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर बाउंड्री व अन्य कार्यों के लिए घेर रहे हैं। यहां तक कि अपने मकान के सामने सोख्ता पीट व नाली का भी निर्माण नही करवाया है। लोग अपने घरों का गंदा पानी सड़क पर ही बहा दे रहे हैं, जिससे सड़क पर जल-जमाव हो जाने से यहां से वाहन निकलने में परेशानी होती है। यहां तक कि पैदल चलने वाले तथा स्कूल व प्रखंड मुख्यायलय आने-जाने वाले लोगों को काफी कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## लावालौंग प्रखंड के रिमी टोला झिरनिया में पानी की किल्लत

**चतरा।** जिले के लावालौंग प्रखंड के रिमी पंचायत के ग्राम रिमी टोला झिरनिया में भीषण गर्मी के कारण लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। लगभग आधी आबादी को पीने के लिए आधा किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। सरकारी पेयजल योजना कई महीनों से बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे मवेशियों को पानी पिलाने में भी परेशानी हो रही है। पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है। पेयजल योजना के तहत लगाई गई जल मीनार को कई महीने हो गए, लेकिन ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल योजना का लाभ दिया जाए।

## बाइक सवार असंतुलित होकर गिरा, दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटा से गाजेडीह जाने वाले मार्ग पर बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में बाइक चालक व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार सरबहना निवासी 22 वर्षीय सिंटू यादव पिता कपिल प्रसाद यादव एवं पोखरडीहा निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र यादव पिता स्व.सुखदेव यादव दोनों बाइक से बासोडीह से गाजेडीह जा रहे थे। इसी दौरान खूंटा से गाजेडीह मार्ग पर बाइक के असंतुलित हो जाने से दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं



घायलों को थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बुजुर्ग से दो लाख की रंगदारी मांगी

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र के खैल्हा गांव में 55 वर्षीय बुजुर्ग जुगेश्वर राणा बोरवेल करा रहे थे। भीषण गर्मी के कारण पेयजल संकट से जूझ रहे जुगेश्वर राणा को बोरवेल कराना महंगा पड़ गया। वृंदा निवासी उदय वर्मा और खैल्हा निवासी जगदीश महतो ने बोरवेल का काम रुकवा दिया और दो लाख रुपये की लेवी मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने जुगेश्वर राणा और उनके परिजनों के साथ मारपीट की और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपियों ने पुलिस को सूचना नहीं देने और एक सप्ताह के अंदर दो लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित जुगेश्वर राणा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# प्राचार्य प्रमोद शर्मा व शिक्षिका सपना शर्मा को मिला द चेंज मेकर अवॉर्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा एवं शिक्षिका सपना शर्मा को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सत्र 2023-24 का द चेंज मेकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी अभ्युदय एडुकेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया व महर्षि यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नोएडा कैंपस में किया गया। वहीं देश भर से लगभग 500 चयनित शिक्षक व प्रिंसिपल में से लगभग 50 शिक्षक एवं प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया। जिसमें बिहार, झारखण्ड, बंगाल से केवल सेक्रेट हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षिका का नाम शामिल है। वहीं स्कूल डायरेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि मिडिल ईस्ट जोन में पूरे झारखण्ड के लिए गौरव की बात है। इस सम्मान से पता चलता है कि स्कूल के बच्चों का भविष्य एक अच्छे कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में है, जहां शिक्षिकों का योगदान भी सर्वोत्तम है। वहीं स्कूल प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने इस अवार्ड को सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत, स्कूल प्रशासन का सम्पूर्ण सपोर्ट के साथ-साथ अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे परिवार को समर्पित किया।



वहीं उन्होंने बताया की इस तरह के सम्मान से दिन-प्रतिदिन कुछ नया, कुछ अलग करने को प्रेरित करता है। उन्होंने स्कूल प्रशासन और पृथ्वी अभ्युदय एस्सोसिएशन एडुकेटर्स ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट हर्षवर्धन सिंह को धन्यवाद दिया। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा व शिक्षिका सपना शर्मा को यह अवार्ड मिलने से स्कूल में सभी शिक्षक गौरान्वित महसूस कर रहे हैं और बच्चों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

## चतरा में उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** शहर के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं, घर के कमरों में रूकना भी मुश्किल हो रहा है। कूलर, पंखे और एसी भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे हैं। पिछले आठ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है, सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री दर्ज किया गया। सूरज की तपिश के कारण हवा में उमस फैल गई है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

रात में भी लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पेड़ों की शरण ले रहे हैं, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है। उमस भरी गर्मी से परेशान लोग उल्टी, दस्त, जुकाम, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी और प्राइवेट क्लीनिकों पर मरीजों की भीड़ हो रही है। अब लोगों को घनघोर बारिश ही उमस भरी गर्मी से राहत दिला सकती है।

# ग्रिजली विद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर सेमिनार का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर विद्यालय के शिक्षकों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर योलो के सीनियर स्कूल सक्सेस मैनेजर अमित कुमार झा शामिल हुए और शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। वहीं उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 शिक्षा के लिए एक व्यापक ढांचे का प्रतिनिधित्व करता है, जो समावेशिता, समानता और अधिक समग्र और बहु-विषयक शिक्षा की ओर बदलाव पर जोर देता है। मुख्य वक्ता ने इस शिक्षा नीति के तहत होने वाले लाभ जैसे प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा, विद्यालय शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षक की शिक्षा, शिक्षा में प्रौद्योगिकी, समानता, समावेशन, मूल्यांकन सुधार, अनुसंधान, नवाचार व व्यावसायिक शिक्षा के बारे में शिक्षकों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय शैक्षिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। मैं इस नीति को अधिक कुशल और अनुकूलनीय कार्यबल बनाने के उत्प्रेरक के रूप में देखता हूं, जो हमारे देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। वहीं विद्यालय की प्रचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर जोर, साथ ही



अधिक समग्र और लचीले पाठ्यक्रम की ओर बदलाव से हमारे छात्रों के सीखने के अनुभवों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ग्रेड 6 से व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण और अनुभवात्मक शिक्षा पर ध्यान हमारे छात्रों को वास्तविक दुनिया के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगा। मौके पर संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुनील साव, शिक्षक कुमार राजीव, शफीक आलम, नागेंद्र कुमार, संजीव जयसवाल, सूजन कुंडू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## नवदिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा गाँव में 26 मई से 3 जून तक नवदिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 1051 महिलाओं और पुरुषों ने कलश उठाया और पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए घरघरी नदी पहुँचे। यज्ञ आचार्य श्री श्री 108 श्री श्याम सुंदर दास के मंत्रोच्चारण के बाद कलश में जल भरा गया और पुनः यज्ञ मंडप में आकर कलश को स्थापित किया गया। अयोध्या और कोलकाता से आए साधु-संत प्रत्येक दिन प्रवचन देंगे। कलश यात्रा में पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष निशि कुमारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, प्रवक्ता श्री आए बापूजी, मुखिया रेणु देवी, चिंता देवी, पवन माथुर, धनु राम, विनोद प्रसाद, सुरेश पासवान, विनोद तिवारी, कृष्ण देव ठाकुर, सुनील रजक, प्रभु भुईयाँ सहित समस्त सदस्यगण अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में डीएमओ घायल, कार का टायर ब्लास्ट करने से हुई दुर्घटना



**लातेहार।** शहर के बानुपर मोहल्ले में सेवानिवृत डाककर्मी महेंद्र प्रसाद के घर के पास सड़क दुर्घटना में सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी बुरी तरह घायल हो गये। घायल अवस्था मे उन्हें आस-पास के लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक ईलाज के बाद चिकित्सको ने उन्हे रांची रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्री सैफी सोमवार को शहर के बानपुर इलाके में अपने निजी कार (जेएच05सीआर-9294) से खनिज पट्टा की जांच कर अपने कार्यालय लौट रहे थे। तभी बानपुर रोड मे सेवानिवृत डाककर्मी महेंद्र प्रसाद के घर के पास उनके कार का अगला टायर ब्लास्ट कर गया और कार अनियंत्रित होकर एक दीवार से टकरा गई। कार में चालक समेत चार लोग सवार थे, जिसमे डीएमओ गंभीर रूप से घायल हो गये। कार पर सवार अन्य लोग सुरक्षित है।

## पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत सखी मंडल की दीदी के नोमानी को मिला दो लाख


चेक देते अधिकारी।

**चंदवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनांतर्गत चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत चतरो ग्राम में संचालित सहेली स्वयं सहायता समूह की दीदी सुकरी देवी के नोमानी पति नरेश उरांव को मृत्यु दावा भुगतान के तहत दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मैनेजर रोहित सिंह व जेएसएलपीएस के बीपीएम मुजीबुल आरफीन ने संयुक्त रूप से चेक प्रदान किया। बता दें कि सुकरी देवी की मृत्यु सितंबर 2023 में शर्पदंश से हो गयी थी। 2 लाख रुपये का सहायता राशि मिलने के बाद नरेश उरांव ने कहा कि सहायता राशि का उपयोग बच्चों के पढ़ाई में करूंगा। सहायता राशि मिलने पर नरेश उरांव ने (पलाश) जेएसएलपीएस को साधुवाद दिया है। मौके पर सीसी, बैंक सखी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अपराधियों ने टेंपो में लगाई आग, जलकर खाक



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत अंतर्गत भरभरी टांड में रविवार की देर रात्रि अज्ञात अपराधियों ने एक सीएनजी टेम्पो जेएच 01 एफजी 2702 में आग लगा दिया। अगलगी की घटना के बाद टेम्पो में लगा सीएनजी का सिलेंडर टैंक ब्लास्ट कर गया, जिस कारण टेम्पो जलकर खाक हो गया। घटना के सम्बंध में भुक्तभोगी बिगन यादव ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिए जाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात्रि टेम्पो को घर के बाहर खड़ा किया था, रात्रि लगभग साढ़े दस बजे अचानक से धमाका होने की आवाज सुनने के बाद घर से बाहर निकले तो देखा टेम्पो से आग की लपटें उठ रही थी। अनान-फानन में आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन जबतक आग पर काबू पाया जाता टेम्पो जलकर खाक हो चुका था। इन्होंने अंदेशा जताया है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा टेम्पो में लगे सीएनजी टैंक में आग लगाए जाने के कारण उक्त घटना हुई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक घटना का कारण स्पष्ट नही हो पाया था। इधर चंदवा पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## वाहन के धक्के से गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम


वार्ता करते थाना प्रभारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम में एक अनियंत्रित बोलेरो से सड़क दुर्घटना में घायल हुए रामदयाल साव के परिजनों एवं ग्रामीणों ने करीब सात घंटे तक बालूमाथ टंडवा मुख्य पथ को रविवार की देर शाम सात बजे से रात दो बजे तक जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय दल-बल के साथ जाम स्थल पहुंचे और ग्रामीणों के साथ वार्ता की और घायल हुए रामदयाल साव के इलाज में सहयोग के आश्वशन के बाद जाम समाप्त हो पाया। ज्ञात हो कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के जरी ग्राम के पास अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क पार कर रहे रामदयाल साव 50 वर्ष पिता रामेश्वर साव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी को टक्कर मार दिया था। और बोलेरो भी पलट गया था। जिसमें रामदयाल साव गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं बोलेरो में सवार अमित हेरेंज पिता केनेथ हेरेंज ग्राम बिरहु जिला खूंटी निवासी घायल हो गया था। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया था।

### महिला मर्डर मामले का हुआ खुलासा, पति और भाभी ने हत्या कर आत्महत्या का दिया था रूप

# भाभी के प्यार में पत्नी की हत्या, दो साल से था प्रेम प्रसंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र में 20 मार्च की रात्रि हुई महिला मुनिता देवी की हत्या मामले का लातेहार पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। देवर और भाभी के बीच अवैध प्रेम प्रसंग के कारण महिला की हत्या की गई थी। इस मामले में पति मनरूप कुमार सिंह व गोतनी कलावती देवी उर्फ सुनैना देवी को गिरफ्तार कर सोमवार को लातेहार पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार दोनों छिपादोहार थाना क्षेत्र के गुवा गांव के रहने वाला है। पुलिस ने हत्या में प्रयोग किया गया हरा रंग का दुपट्टा भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि देवर व भाभी के बीच पिछले दो वर्षों से चल रहा था। मृतक महिला द्वारा दोनों को कई बार आपतिजनक हालत में देख ली थी।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

इसके बाद पत्नी विरोध करती थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग में रोड़ा बन रही पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसके बाद दोनों ने मिलकर पहले पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए दुपट्टा के सहारे फंदे में लटका दिया गया। इस मामले में छिपादोहार थाना कांड संख्या 10/24 भादवि की धारा 304 (बी) /498(बी)/34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम ने अनुसंधान शुरू की। जिसमें पति व भाभी को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की। जिसमें दोनों ने महिला की करने की बात को स्वीकार किया। छापेमारी अभियान में छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, सअनि राजेश कुमार, आईआरबी- एक, सैट-145 के जवान शामिल थे। प्रेस वार्ता में बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश प्रसाद व छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह शामिल थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र के भवन जर्जर, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# ऐसे दर्जनों भवन है जिसमें होती है बच्चों की पढ़ाई

रामनिवास पाठक

**बेतला।** केंद्र सरकार व राज्य सरकार भले ही विकास के लाभ दावे करले, लेकिन नौनीहालों का भविष्य आज भी अंधेरे में या दुर्घटना के साए में रहने को विवश है, बताते चले बाल विकास परियोजना के तहत छोटे बच्चों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें पहले आंगनबाड़ी केंद्र में पोषक तत्वों से भरे भोजन देने के उद्देश्य से भेजा जाता है, लेकिन ना तो इस केंद्र में ससमय नाश्ता, एवं भोजन मिलता है और न हीं खेलकूद के साथ पढ़ाई की व्यवस्था होती है, छोटे बच्चे नौनीहालों के भी खेलकूद और नाश्ते और भोजन में भी खुलकर भ्रष्टाचार हो रहा है ऐसे में उन्हें कितना पोषक तत्वों से भरा सामग्री मिलेगा इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। बरवाडीह प्रखंड के कुटमू चौक के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, अखरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, बेतला के तुरी टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र समेत दर्जनों भवन जर्जर कई वर्षों से है। लेकिन इस भवन को आज तक शुद्ध लेने वाला ना तो प्रखंड प्रशासन है, और ना ही जिला प्रशासन, मजबूरी में सेविका के द्वारा इसी केंद्र में बच्चों को पोस्टिक आहार के साथ भोजन दिया जाता है। ऐसे में भवन जर्जर होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में कुटमु केंद्र की सेविका सुगिया देवी ने बताया कि कई बार विभागीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गई है, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला, हम लोग को भी मजबूरी है जब तक भवन को दुरुस्त नहीं किया जाता है। तब तक ईसी भवन में दुर्घटना की आशंका के भय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पोस्टिक आहार देना पड़ता है।


जर्जर भवन।

**क्या कहते हैं बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज**

इस संबंध में पूछे जाने पर बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी, सह सीडीपीओ रेशमा रेखा मिंज ने बताइ की इन सभी केंद्रो को शीघ्र ही जाँच कर इसे दुरुस्त करवाने को लेकर उच्च पदाधिकारी को पत्राचार किया जाएगा, और इसे शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाएगा, ताकि बच्चों को भयमुक्त शिक्षा के साथ-साथ पौष्टिक आहार मिल सके।

### छह माह से जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान

# दो माह पूर्व मोटर खोलकर ले गया है ठिकेदार

खबर मन्त्र संवाददाता


खराब पड़ी जलमिनार।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्राम में सड़क के किनारे अनिरुद्ध गिरी के घर के पास स्थित सोलर जल मीनार छह माह से बंद पड़ी हुई है। इससे ग्रामीणों को बढ़ती गर्मी में पेयजल के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार के खराब होने की सूचना कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि को दी गई। परंतु अब तक इसे ठीक नहीं कराया गया है। जलमिनार खराब होने के कारण ग्रामीणों को दूसरे टोला से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जलमिनार खराब होने की शिकायत कई बार करने के बाद ठिकेदार द्वारा मोटर और अन्य सामानों को बीते दो माह पूर्व खोलकर ले जाया गया है। लेकिन अब तक मोटर को लाकर लगाया नहीं गया है। जबकि ठिकेदार ने एक सप्ताह के अंदर मोटर बदलने की बात कही थी। स्थानीय निवासी सुदामा प्रजापति ने कहा कि भीषण गर्मी के समय में हमलोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व 14 वें वित्त की राशि से मुखिया द्वारा इस जलमिनार को लगाया गया था। जलमिनार के पास एक चापानल भी है, जिसे विभाग द्वारा मृत घोषित कर दिए जाने के बाद स्थानीय निवासी धर्मेंद्र सिंह के द्वारा उक्त चापानल की मरम्मती अपने निजी खर्च से कराई गई है, जिससे लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली है। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी से शीघ्र ही इस जलमीनार की मरम्मत कराने का अनुरोध किया है, ताकि यहां की पेयजल समस्या का समाधान हो सके।

## एस्सार के रिजर्व वायर में नहाने गए बालक की डूबने से मौत


रिजर्व वायर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत अर्धे गांव में बने एस्सार के रिजर्व वायर (पानी संग्रह का डैम) में डूबने से एक 6 वर्षीय बालक की मौत हो गयी।घटना सोमवार दोपहर बाद कि बतायी जा रही है। मृतक की पहचान अर्धे गांव निवासी पुसवा गंझू के पुत्र आनंद गंझू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आनंद गंझू अपने दोस्तों के साथ रिजर्व वायर में स्नान करने गया था। इसी दौरान नहाने के क्रम में वह गहरे पानी मे चला गया व डूबने लगा, साथ गए बच्चे डैम काफी गहरा होने के कारण बचाने में असमर्थ रहे, जिसके बाद बच्चो ने इसकी सूचना आसपास के लोग व परिजनो को दी, जिसके बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला गया लेकिन तबतक बच्चे की मौत हो गयी। इधर खबर लिखे जाने तक घटना को लेकर परिजनों के द्वारा पुलिस को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई थी।

**पूर्व में भी कई बार रिजर्व वायर में डूबने से कई लोगो की हो चुकी है मौत, नही है कोई सुरक्षा व्यवस्था**

बता दें कि पूर्व भी उक्त रिजर्व वायर में डूबने से कई ग्रामीणों व बच्चो की मौत हो चुकी है। अर्धे गांव के काफी नजदीक होने के बावजूद रिजर्व वायर में देखरेख व सुरक्षा की कोई व्यवस्था नही है। सुरक्षा के नाम पर डैम के चारो ओर सिर्फ तारों से घेराव किया गया है वह भी कई स्थानों पर टूट गया है। लोग आसानी से मछली मारने व स्नान करने रिजर्व वायर में आते जाते हैं, जिस कारण कई बार हादसा हो चुका है।

## अनियंत्रित हाईवा ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


घायल वृद्ध।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम स्थित गोपाली होटल के समीप एक अनियंत्रित हाईवा ने साइकिल सवार को सामने से टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बलकु यादव 60 वर्ष पिता स्व.सुकन यादव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से बालूमाथ साइडिंग मजदूरी करने जा रहा था। इसी दौरान बालूमाथ साइडिंग की ओर से कोयला खाली कर मगध कोलियरी की ओर जा रहे एक अनियंत्रित हाईवा ने सामने से टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल वृद्ध को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रांसपोर्टिंग सड़क को करीब 2 घंटे तक जाम कर दिया जिसकी सूचना पर सीसीएल के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ वार्ता कर जाम करवाया और वृद्ध के इलाज में सहयोग किया। ग्रामीणों का कहना था कि आए दिन इस सड़क में कई नाबालिक हाइवा चलाते हैं। जिस कारण दुर्घटनाएं घटते रहती है। जिस पर पुलिस प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। ट्रांसपोर्टिंग सड़क में जल छिड़काव नहीं होने के कारण हाईवा के उड़ते धूल की वजह से कई लोग गिरकर भी घायल हो चुके हैं।

## बरही के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान स्मरणीय है

**बरही।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का आज 60 वां पुण्य तिथि है। 27 मई 1964 को उनका निधन हुआ था। इस क्षेत्र के लिए नेहरू का अमूल्य योगदान रहा है। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के दामोर वैली कॉर्पोरेशन का पहला पहला डैम-तिलैया डैम व 4 मेगावाट के जलविद्युत उत्पादन संयंत्र इसी क्षेत्र में लगा। तिलैया डैम परियोजना के लिए बरही अनुमंडल के 65 गांवों की जमीन ली गई थी। इसी भूमिपर डीवीसी तिलैया डैम परियोजना का वर्ष 1948 में शिलान्यास व परियोजना के पूर्ण होने पर इसका उदघाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने ही 21 फरवरी वर्ष 1953 में किया था। यही नही, राँची से पटना जाने के क्रम में तिलैया डैम पर जो सेतु बना, उसका भी उदघाटन नेहरू ने उसी समय किया था। यही वजह है कि इस सेतु का जवाहर पुल नाम पड़ा है। एनएच 31 पर बरही से उरवां तक करीब सात किलो मीटर लम्बी घाटी को उन्ही के नाम पर जवाहर घाटी नामकरण किया गया।जवाहरपुल के पास सड़क से नीचे डैम के पानी तक जाने के लिए पत्थर की खूबसूरत सीढ़ी का निर्माण किया गया था। नेहरू इसी सीढी से उतर कर नीचे डैम के पानी तक गए थे। सीढ़ी को इधर एनएच 31 के चार लेन चौड़ीकरण के क्रम में तोड़ दिया गया है। जवाहर पूल के उत्तर में नेहरू की स्मृति में जवाहर पार्क बनाया गया। डैम के दक्षिण-उत्तर में ग्राम माधवपुर के पास खूबसूरत चाचा नेहरू पार्क का निर्माण कराया गया था।

## अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहें छात्र-छात्राएं : प्रवीण राजगढ़िया


दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन करते स्कूल के निदेशक व शिक्षक-शिक्षिकाएं।

➲ श्री अग्रसेन स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान


छात्रा को प्रामण-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित करते निदेशक व अन्य।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक (एकाडमिक) एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, करुणा राजगढ़िया, मुख्तार सिंह व शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के करीब 130 टॉपर्स विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सम्मान मिलने से हौसला बढ़ता है। बच्चों को अपने भविष्य के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए। माध्यमिक व इंटर ऐसे दो पड़ाव हैं, जहां प्राप्त की गई सफलता आपके भविष्य को उजाले की ओर ले जाती है। निदेशक (एकेडमी) एसके चौधरी ने कहा कि वर्तमान सफलता को स्थायी न मानें, बल्कि इससे भी बेहतर करने की कोशिश करें। सफलता के पीछे शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी हाथ होता है। अभिभावक का हमेशा सम्मान करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि जो परिश्रम करते ही उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और समर्पण से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। विद्यार्थी जीवन हमेशा सीखने के लिए होता है। इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक अरविंद दुबे, साधना सिन्हा, रीतिका, विजय शर्मा, कुमुल कुमार, सूरज सिंह, केएल गोस्वामी, सूफियान अख्तर, जीशान अख्तर, एचके सिंह, अंकित विश्वकर्मा, संतोष कुमार, दिव्यांश कुमार, प्रकाश ओझा, सोनम खातून ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन हुए पांच वर्ष बित जाने के बाद भी नहीं मिला चिकित्सकीय सुविधा

# मरीज अब भी लगाते हैं बलूमाथ का चक्कर

संजय राम

**क्षेत्र में विवाद लड़ाई झगड़ा व दुर्घटना होने पर बारियातू प्रशासन को भी बालूमाथ अस्पताल जाना व भेजना पड़ता है**


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप।


जंग खा रहे सामग्री।


कोरोना काल में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप का भवन उद्घाटन हुए पांच वर्ष बित गया। लेकिन प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हुआ। बारियातू प्रखंड क्षेत्र में लगभग 60 हजार से भी अधिक आबादी वाले प्रखंड है। प्रखंड में नौ पंचायत बारियातू, सिबला, गोनिया, टोटी, अमरवाडीह, फूलसु, साल्वे, बालूभाँग व डाढ़ा है। सभी पंचायतो में लगभग 56 गांव है। सभी ग्राम वासियों को चिकित्सा सुविधा बहाल करने के उदेश्य से लाखो खर्च कर बारिखाप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कराया गया। 30 जून 2019 को स्थानीय विधायक प्रकाश राम द्वारा अस्पताल को विधिवत उद्घाटन भी कर दिया गया। आलम यह है की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदघाटन तो हो गया लेकिन क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए न डॉक्टर उपलब्ध कराया गया और नहीं अन्य सुविधा दी गईं। बारियातू प्रखंड क्षेत्र में घटना-दुर्घटना बाद-विवाद में चोटिल होने पर बारियातू प्रशासन को बालूमाथ जाना पड़ता है। वहीं वााद-विवाद में चोटिल होने पर प्रशासन को बारियातू से बालूमाथ ले जाना पड़ता है जिससे समय के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है। अभी भी बारियातू प्रखंड क्षेत्र के 56 गांव के ग्रामीण हॉस्पिटल रहते चिकित्सक कर्मी व जांच सुविधा के आभाव में बालूमाथ का चक्कर लगाना पड़ता है। उक्त बारिखाप हॉस्पिटल में डॉक्टर, नर्स जाँच सुविधा के लिए न तो विभाग सुधी लिया और न ही कोई प्रतिनिधि गंभीर हुए हैं।

## स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए बारियातू प्रखंड वासियों को जाना पड़ता है बालूमाथ

बारियातू प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए बालूमाथ जाना पड़ता है। बारियातू प्रखंड क्षेत्र में गोनिया, मकरा, फूलसु, मनातू व बारियातू स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाया गया है। जहां ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए प्रसव सुविधा दी गई है और सभी उपकेंद्र में एएनएम पदास्थापित है। सभी गांवो के ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा के लिए बालूमाथ जाना पड़ता है। चतरा रांची मुख्य मार्ग गोनिया से बारियातू में सड़क दुर्घटना होने के बाद चोटिल व घायलों को बालूमाथ ले जाना पड़ता है। बारियातू के बारिखाप में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध रहने के बाद लोगों को काफी राहत मिलता।

**कोरोना काल में बनाया गया था कोरेनटाइन सेंटर :** कोरोना काल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप को कोरनटाइन सेंटर बनाया गया था। जहाँ सभी मरीजों को विभाग द्वारा सुविधा दी गई थी। स्थिति परिस्थिति के अनुकूल कोरोना मरीजों को बेहतर सुविधा के लिए ऑक्सीजन प्लांट भी बनाया गया था। कोरोना काल के बाद उक्त भवन को स्वास्थ्य कर्मियों के मीटिंग या कार्यक्रम के लिए उपयोग किया जाता है। उदघाटन हुए पांच साल बित गए लेकिन चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिला लेकिन नचना स्थित पानी टंकी के पास सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण किया जा रहा है जो लगभग पूर्ण होने के कगार पर है। भवन चाहे जितना भी बना दे लेकिन चिकित्सक, जाँच का सुविधा नहीं मिले तो भवन बनाने से सरकारी फंड से खर्च किए गए राशि संवेदक के अलावे आमजनो को कितना सार्थक साबित होगा यह बताने की आवश्यकता नहीं है।

**कार्य नहीं होने से जेनरेटर सहित कई सामग्री में लग रहा है जंग**

हॉस्पिटल उद्घाटन होने के पांच वर्ष बित जाने के बाद चकित्सकीय कार्य प्रगति पर नहीं रहने के कारण कीमती जनरेटर व मरीजों के सुविधा के लिए लगाए गए कई सामग्री में जंग लग रहा है। यदि चिकित्सकीय कार्य लगातार होते रहता तो जांच सामग्री सहित बेड में जंग नहीं लगता। चिकित्सकीय कार्य नहीं होने के कारण कई सामग्री में जंग लग रहा है। वहीं सभी कर्मियों को रहने के लिए पानी और आवास का भी व्यवस्था किया गया है हालांकि कई कर्मी भवन में रहते भी हैं।

